प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.05.2025 / 11:00बजे

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस वर्ष की बैठक का विषय है विकसित भारत के लिए विकसित राज्य–2047 शासी परिषद की बैठक में इस विषय पर चर्चा होगी। बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री और केन्द्रशासित प्रदेशों के उप राज्यपाल, केन्द्रीय मंत्री व नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भी बैठक में भाग लेंगे। बैठक के बाद मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुर्किये से सेब पर आयात शुल्क को 100 फीसदी बढ़ाने की मांग भी करेंगे। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र भी लिखा है।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं जारी हैं। यात्राओं के दौरान सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को याद किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर जनजातीय जिला किन्नौर के जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करेंगे। वहीं लाहौल स्पीति के उपमंडल उदयपुर में पूर्व विधायक रवि ठाकुर तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे। इस बीच कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी शहर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांसद इंदु गोस्वामी, पूर्व मंत्री रविंद्र रवि और विधायक पवन काजल विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद इंदु गोस्वामी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साबित कर दिया है कि नया भारत अब चुप नहीं बैठेगा।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल चंबा और भटियात विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जोत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों के लिए उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जोत जैसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल में पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, ऐसे में सुविधाओं का उन्नयन समय की आवश्यकता है।

एडवाइजरी

जनजातीय जिला किन्नौर में इन दिनों भारी गर्मी पड़ रही है जिसके चलते पहाड़ों में बर्फ और ग्लेशियर बड़ी तेजी से पिघल रहे हैं जिससे सतलुज नदी के जलस्तर में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। किन्नौर के उपायुक्त डॉक्टर अमित कुमार शर्मा ने लोगों को उसके आसपास न जाने की हिदायत दी है।

*पीक समर मंथस है सतलुज नदी का जल स्तर काफी हद तक बढ़ जाता है क्योंकि पहाड़ों में जो ग्लेशियर है जो स्नो फॉल है वो पिघलते हैं और उसी के माध्यम से पूरे प्रदेश में पानी की सप्लाई होती है और जो टाइमिंग की वार्निंग वैन होती है उनका जो वार्निंग का मैसेज है वो वट्सऐप के माध्यम से डिफरेंट पंचायती राज इंस्टीटयूशन मीडिया जो भी हमारे जिला प्रशासन के ग्रुप हैं उसमें सर्कुलेट किया जाता है तो इसमें मेरा सभी लोगों से आग्रह है कि खासकर हमारे जो टूरिस्ट गण विजिट कर रहे हैं कि काइंडली नदी नालों में न जाए कभी भी वाटर लेबल में सडन चेंजिज आ सकते हैं काइंडली अपनी सेफटी का का ध्यान रखें।*

सुशील कुमार

कुल्लू जिले के पढेई गांव के हवलदार सुशील कुमार ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण व साहसिक खेल संस्थान की टीम के सदस्य के रूप में भारत के सबसे ऊंचे और दुनिया के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत कंचनजंगा पर सफलता पूर्वक चढ़ाई की। इस अभियान का नेतृत्व प्रसिद्ध पर्वतारोही कर्नल रणवीर सिंह जामवाल नेकिया और इसे राष्ट्रीय मिशन श्हर शिखर तिरंगा के तहत चलाया गया, जिसका उद्देश्य भारत और दुनिया भर में सबसे ऊंची चोटियों पर तिरंगा फहराना है। सुशील, सेना के एक अनुभवी पर्वतारोही हैं, जिनके पास 12 वर्षों से अधिक ऊंचाई पर चढ़ने का अनुभव है।

स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति योजना

किन्नौर जिला में स्वर्ण जयंती मिडल मेरिट छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा कल 25 मई को जिला किन्नौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिकांगपिओ, भावानगर व पूह में आयोजित की जाएगी। ये जानकारी देते हुए किन्नौर जिला के शिक्षा उपनिदेशक अरुण गौतम ने बताया कि यह

परीक्षा एन.सी.आर.टी.सी सोलन द्वारा करवाई जाती है और पूर्व में 2 मार्च को आयोजित की जानी थी परंतु जिला में भारी बर्फबारी के कारण  इसे स्थगित कर दिया गया था।